# वृक्षों से मिलती है जीवनदायनी ऑक्सीजन इसलिए सभी लगाएं पौधे

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे, स्कूल-कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को दिलाई पौधों के संरक्षण की शपथ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रदेश में एक ही दिन में 36.50 करोड़ वृक्षारोपण जन अभियान 2024 कार्यक्रम अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का जिले में शुभारंभ पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह व जनप्रतिनिधियों ने किसान सहकारी शुगर मिल शेखूपुर में किया। जनपद में 52 लाख 36 हजार 271 पौधे रोपे गए।

पशुधन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आह्वान किया है कि सभी लोग एक पौधा अवश्य रोपित करें। पौधे को सुरक्षित रखने का संकल्प लें उसको हरा भरा रखने को समय समय पर पानी देते रहें। कहा कि वृक्षों का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। वृक्ष पर्यावरण संतुलन में सहायक होते हैं, इससे हमें ऑक्सीजन मिलती है। उन्होंने कहा कि एक पौधा मां के नाम रोपित करें। भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रकृति का दोहन रोकने तथा पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए सभी को पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि जो भी पेड़ लगाए जाते हैं, उनको जीवित रखना भी आवश्यक है। कहा कि लोग अपने जन्मदिन व शादी की साल गिरह पर भी पेड़ लगाकर उसकी यादगार बनाने का कार्य कर सकते हैं। सदर विधायक महेश सिंह गुप्ता ने कहा कि जब सभी लोग अपने दायित्व का निर्वहन ठीक प्रकार से करेंगे तो हमारा भारत विश्व गुरु बनेगा। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। माँ की तरह ही पेड़ को सुरक्षा व सम्मान प्रदान करें।अधिकारियों व छात्र व छात्राओं द्वारा भी वृक्षारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, सचिव चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग रंजन कुमार, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग प्रदीप कुमार वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य लोग, छात्र- छात्राएं आदि मौजूद रहे।



अतिथियों के साथ मंच पर पौधे लेकर बैठे स्कूलों के बच्चे। ● अमृत विचार



पौधारोपण के बाद पानी लगाते उमेश राठौर और पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

● पशुधन प्रसार मंत्री धर्मपाल सिंह ने शेखूपुर चीनी मिल में शुरू किया पौधरोपण कार्यक्रम



पौधे को पानी देतीं जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव।

### थाना प्रभारी ने परिसर में लगाया मां के नाम का पौधा



उघैती, अमृत विचार : थाना परिसर में थाना प्रभारी राजेश कौशिक की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। थाना प्रभारी कहा कि पेड़ ही जीवन है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौधे ना हो तो हम सब सांस नहीं ले सकते हैं। नाजिर अली, धूम सिंह, विपिन, प्रदीप तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### तहसील क्षेत्र में पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ अभियान



**बिल्सी ,अमृत विचार :** तहसील परिसर मेंविधायक हरीश शाक्य, एसडीएम प्रवर्धन शर्मा, तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता समेत विवेक राठी गगन गगन राठी सभासद उमेश बाबू प्रखर महेश्वरी वृक्षारोपण किया। चेयरपर्सन ज्ञानदेवी सागर, पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर ने सभासदगणों के साथ गांधी पार्क में पौधारोपण किया। बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय तथा शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए। बीडीओ अंबियापुर सतीश कुमार सैनी, ब्रजभान सिंह, दिलीप शर्मा, मालती, दीपक कुमार, प्रधान संतोष शाक्य आदि मौजूद रहे। वहीं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सतेती में डॉ विनोद कुमार, अरविंद कुमार, हरविंदर सिंह, रुचि मिश्रा आदि ने पौधरोपण किया। महाराणा प्रताप राजकीय में प्राचार्य डा .पंकज कुमार सिंह और बॉब शाखा के मैनेजर रोहित राजौरिया ने बैंक के स्थापना दिवस पर यहां पौधरोपण किया। इ

### कस्तूरबा बालिका विद्यालय में शिक्षकों ने लगाया पौधा



**वजीरगंज,अमृत विचार :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत स्कूल स्टाफ के साथ बैंक ऑफ बदौड़ा के शाखा प्रबंधक कुलदीप पाल ने पौधे लगाए। बैंक प्रबंधक ने बैंक के 117वें स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों को गर्मी से बचाव हेतु तीन पंखे दान में दिए ।अरुण कुंवर, मीनाक्षी शर्मा, रवि, पूरन, दीपक, विजेंद्र, सपना वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

**ककराला,अमृत विचार :**विशेष पौधारोपण अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंतखाब मुमताज़ सकलैनी व अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार मिश्र पालिका परिसर में पौधा लगाया। साथ ही लोगों से पौधा रोपण कर उनको संरक्षित करने का आवाहन किया।

### थानाध्यक्ष ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

**कुंवरगांव,अमृत विचार :** शनिवार को थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने थाना परिसर में पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन को बहुत ही महत्वपूर्ण है। हर व्यक्ति एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए । वहीं नगर पंचायत चेयरमैन पति अरविंद कुमार ने नगर कार्यालय परिसर में पेड़ लगाकर जनता को जागरूक किया

**एसडीएम और डीएफओ ने लगाया पौधा :सहसवान, अमृत विचार:** वृक्षारोपण जन अभियान के तहत शनिवार उप जिला अधिकारी प्रेमपाल सिंह, वन क्षेत्र अधिकारी अशोक कुमार त्यागी, राजस्व निरीक्षक रियाज़ उद्दीन लेखपाल ज्ञानेंद्र कुमार ने नगर के सरसोता पर वृक्षारोपण किया। नगर के प्राथमिक विद्यालय पट्टी यकीन मोहम्मद व बालक प्राथमिक विद्यालय काजी मोहल्ला में अध्यापकों ने विद्यार्थियों के पौधे लगाए। खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार द्वारा पौधा लगाया गया।

# स्कूल परिसर में बैंक प्रबंधक ने शिक्षकों के साथ लगाया पौधा

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचारः** शनिवार को कंपोजिट विद्यालय हररायपुर में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक सोनू कुमार गुप्ता व वागीश पाठक के द्वारा पौधे लगाए गए। बच्चों ने भारत के मानचित्र में राज्य और राजधानी की एक्टिविटी को करके दिखाया। प्रधानाध्यापक कुंवरसेन, सहायक अध्यापक उमेश चंद्र, ग्राम प्रधान धर्मपाल, सचिव प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

**ब्लॉक व थाना परिसर में किया गया पौधरोपण :**

**इस्लामनगर,अमृत विचारः** ब्लॉक परिसर में ब्लाक प्रमुख एडवोकेट गजेंद्र सिंह और बीडीओ मुनव्वर खान ने पौधा लगाया। थाना परिसर में थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने पौधे लगाए। एडीओ कृषि अशोक शर्मा,एपीओ अनूप शर्मा,एडीओ पंचायत प्रदीप यादव,समेत आदि लोग मौजूद रहे।



स्कूल परिसर में पौधा लगाते बैंक प्रबंधक, साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार



अभियान के तहत लगाये जाते पौधे। ● अमृत विचार



### जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने किया पौधरोपण

**मुजरिया ,अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव व पूर्व पालिका अध्यक्ष दीप माला गोयल ने मुजरिया में स्थित गौशाला पर, कौलहाई और खंदक अमृत सरोवर पर जाकर पौधारोपण किया । साथ ही लोगों से पौधे लगाने का आवाहन किया। इस मौके पर सत्येंद्र सिंह,आर्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### 2940 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगाए गए दस हजार सहजन के पौधे



**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद के 2940 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लगभग 10,000 सहजन के पौधे लगाये गये हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पीके सिंह तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लगाये गये हैं।

### सीडीओ ने विकास भवन परिसर में लगाया पौधा



**बदायूं, अमृत विचार :** जिले भर में शनिवार को पौधा रोपण अभियान चला। विकास भवन में सफाई कर्मचारी संघ के अभियान में प्रतिभाग करते हुए सीडीओ केशव कुमार ने परिसर में पौधा लगाया। इनके अलावा जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास ने भी छायादार पौधा लगाया। सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने कहा कि जनपद को ग्रीन और क्लीन बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। संगठन द्वारा 15 सौ पौधे लगाए गए हैं। रवि सक्सेना, अनुज सक्सेना, धर्मेद्र जाटव, गौतम कुमार, श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

# 30 सितंबर तक बन सकेंगे गन्ना समिति के वैधानिक सदस्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● सहकारी गन्ना विकास समिति ने शुरू किया ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति ने ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन आज से शुरू कर दिया है। यह सट्टा प्रदर्शन 30 सितंबर तक चलेगा। इस प्रदर्शन के दौरान नए किसान गन्ना समिति के सदस्य बन सकेंगे। सदस्य बनने के लिए विभाग ने दो सौ रुपए फीस निर्धारित की है।

शासन के निर्देशानुसार सहकारी गन्ना विकास समिति के सभी ग्रामों में ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण एवं सट्टा प्रदर्शन में गन्ना क्षेत्रफल का मिलान तथा आपत्तियों का निस्तारण 20 जुलाई से शुरू कर दिया गया है। सट्टा प्रदर्शन कर्मचारी गांव में प्लाटवार गन्ना सर्वेक्षण, प्रजातिवार गन्ना क्षेत्रफल, कृषक वार गन्ने का कोटा निर्धारित किया जाएगा। सर्वेक्षण के समय गन्ना किसान सर्वे स्लिप, से अपने सर्वेक्षण एवं सट्टा का मिलान अवश्य कर लें। खेत में पेड़ी प्रजाति का क्षेत्रफल, वर्षवार गन्ना आपूर्ति, बेसिक कोटा, गन्ना आपूर्ति का साधन, राजस्व अभिलेखों से गाटा संख्यावार मिलान कराएं। प्रदर्शन के दौरान यदि कोई भिन्नता मिलती है तो उसके संशोधन हेतु लिखित प्रार्थना पत्र घोषणा पत्र के साथ प्रदर्शन कर्मी को उपलब्ध करा दें। जिससे मौके पर सत्यापन कर संशोधन किया जा सकें। सहकारी गन्ना विकास समितियों के नए सदस्य 30 सितम्बर तक बनाए जाएंगे। गन्ना समिति की सदस्यता हेतु ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

शुल्क के रूप में 21 रुपए व अंश के रूप में दो सौ रुपए गन्ना आपूर्ति की पहली पर्ची से समायोजित कर प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसानों को 10 रुपये व 100 रुपये जमा करने होंगे। उक्त जानकारी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं सचिव प्रभारी गन्ना समिति ने दी।

### गंगा एक्सप्रेस वे से सरिया चोरी, दो पकड़े

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज पुलिस ने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे से सरिया चोरी की और ट्राली में भरकर ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा।

दातागंज के मोहल्ला अरेला के वार्ड 16 निवासी पप्पू शाह पुत्र बन्ने शाह और जिला गाजियाबाद के थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव अतरौला निवासी जगमोहन सिंह तोमर पुत्र धीरेंद्र सिंह तोमर ने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे से सरिया चोरी की थी और ट्राली में भरकर ट्रैक्टर से ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गांव पापड़ के मंदिर के पास स्थित अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। उनके पास से ट्रैक्टर-ट्राली, ढाई सौ कुंतल सरिया, दो ड्रम प्लास्टिक बरामद की। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया।

### पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर 4.5 लाख की ठगी

**बिसौली , अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव ठिरिया निवासी बलवीर सिंह का भतीजा विकास यादव बेरोजगार है। नौकरी का काफी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ।

पड़ोसी गांव मलखानपुर के एक झोलाछाप ने बलवीर सिंह से पुलिस में नौकरी लगवाने की बात कही और इसके लिए रुपयों की मांग की। आरोप है कि झोलाछाप

● नौकरी का आश्वासन देता रहा झोलाछाप

ने साढ़े चार लाख रुपये ले लिए। झोलाछाप नौकरी का आश्वासन देता रहा। पीड़ित का आरोप है कि वह झोलाछाप के घर गए तो उसके परिजनों ने गाली-गलौज की। घर में बंधक बनाने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।




























# गुरु पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर जुटेंगे लाखों श्रद्धालु

## गंगा स्नान और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने पूरी की तैयारी, नामित किए मजिस्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गुरु पूर्णिमा पर रविवार को लाखों श्रद्धालु गंगा घाट पर जुटेंगे। कावंडियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था से लेकर यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गंगा घाट पर पुलिस बल के अलावा मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। रूट डायवर्जन प्लान भी लागू कर दिया गया है। जगह-जगह बैरिकेडिंग कराई गई है। खंभों को पॉलीथिन से ढका जा रहा है।

रविवार को गुरुपूर्णिमा पर कछला गंगा घाट के साथ ही अन्य चार स्थानों पर गंगास्नान किया जाएगा। कछला गंगाघाट पर जनपद सहित कासगंज, एटा, मथुरा, राजस्थान, बरेली, आगरा और मुरादाबाद तथा संभल आदि से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने से कछला में जाम लग सकता है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए डीएम निधि श्रीवास्तव ने मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। जिसमें एसडीएम सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा को कछला घाट बदायूं की ओर, तहसीलदार सदर सुरेन्द्र कुमार को कछला घाट कासगंज की ओर व नायब तहसीलदार हेमराज सिंह बोनाल को कछला पुल पर तैनात किया है।


कावंड़ मार्ग पर पुलिस ने कराई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार


कावंड़ मार्ग पर बनाया पुलिस सहायता बूथ। ● अमृत विचार

### लागू किया गया रूट डायवर्जन

जिले में शुक्रवार रात आठ बजे से रूट डायवर्जन लागू कर दिया। तीन दिन तक बरेली-बदायूं हाईवे कछला तक बंद कर दिया गया है। फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर से आगरा, कासगंज दिल्ली जाने वाले वाहन उसावां, म्याऊ, डहरपुर, दातागंज, बेलाडांडी, फतेहगंज पूर्वी, बरेली, आंवला, बिसौली, सहसवान, गुन्नौर, नरौरा और अलीगढ़ होते हुए निकाले जा रहे हैं। बदायूं से आगरा, कासगंज और दिल्ली जाने वाले वाहन भी बिसौली, सहसवान, गुन्नौर, नरौरा और अलीगढ़ होते निकाला जा रहा है। इसी मार्ग से उधर से आने वाले वाहन भी आ रहे हैं। बरेली से आगरा, कासगंज और दिल्ली जाने वाले वाहन सीधे गैनी, आंवला, बिसौली, सहसवान, गुन्नौर और नरौरा होते हुए निकल रहे हैं। मुरादाबाद से जाने वाले वाहन बिसौली से सहसवान होते हुए गुन्नौर, नरौरा से होकर गुजारे जा रहे हैं। मुरादाबाद, चंदौसी से फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर जाने वाले वाहन को बिसौली से आंवला, गैनी, बरेली, फतेहगंज पूर्वी, बेलाडांडी, दातागंज, डहरपुर से म्याऊ होते हुए उसावां होकर निकला जा रहा है। इधर से मुरादाबाद-चंदौसी जाने वाले वाहन भी इसी रूट से आ जा रहे हैं। बदायूं से बरेली आने-जाने वाले वाहन खेड़ा नवादा पुलिस चौकी, कुंवरगांव, आंवला, अलीगंज, गैनी, अखा, रामगंगा होते हुए निकाला जा रहा है। फर्रुखाबाद वाले वाहन भामाशाह चौक, दातागंज तिराहा, दातागंज रेलवे क्रॉसिंग, दातागंज कस्बा, बेलाडांडी, जैतीपुर, मदनापुर, जलालाबाद होते जा रहे हैं। एटा-अलीगढ़ के हल्के वाहन शहर में जालंधरी सराय चौराहे से ही शेखूपुर, कादरचौक, कादराबाद होकर निकाले जा रहे हैं।

### पांच जोन और 16 सेक्टर में बांटा जिला

कछला गंगा घाट से लेकर शहर तक सुरक्षा व्यवस्था को पांच जोन और 16 सेक्टर में जनपद को विभाजित किया गया है। इसमें पांच सीओ, 13 थाना प्रभारी, 21 इंस्पेक्टर, 100 दरोगा, 161 हेड कांस्टेबल, 393 कांस्टेबल, 91 महिला पुलिस कर्मी और 374 होमगार्डों को सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए हैं। जिससे कावंडियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। साथ ही जनपद में शांति व्यवस्था कायम रहे।

- कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए कराई गई बैरीकेडिंग, खंभों को पॉलीथिन से ढका


खंभों पर पॉलीथिन लपेटते विद्युत विभाग के कर्मचारी।

इनके अलावा दातागंज एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह को अटैना घाट, तहसीलदार दातागंज रवीन्द्र प्रताप सिंह को भुंडी घाट, दातागंज नायब तहसीलदार छविराम को बेलाडांडी घाट पर तैनात किया है। गुरु पूर्णिमा पर कछला गंगा घाट पर गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के साथ कावंडिए भी जुटेंगे। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए जगह जगह बैरीकेडिंग की गई है। विद्युत विभाग द्वारा खंभों पर पॉलीथिन लगाई गई है। जिसका क्रम शनिवार को पूरे दिन जारी रहा।

# महिला की मौत, पिता ने पांच ससुरालियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव परौली में शुक्रवार शाम एक महिला की मौत हो गई। महिला का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। महिला के पिता की तहरीर पर महिला के पति समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।


मृतका रजनी।

रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव टांडा निवासी शेर सिंह ने तहरीर दी कि उन्होंने अपनी बेटी रजनी की शादी पांच साल पहले कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव परौली निवासी सुरेंद्र पुत्र कन्हई के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे थे। आए दिन रजनी से मारपीट करते थे। शुक्रवार को सूचना मिली कि रजनी की मौत हो गई। सीओ सुशील कुमार ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। जिसके पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आगे की जांच की जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# फैसले का दबाव बना रहे दबंग, पुलिस पर झूठी आख्या लगाने का आरोप

- पीड़ित का आरोप, आइजीआरएस पर शिकायत करने पर पुलिस ने लगाई झूठी आख्या

**बिसौली, अमृत विचार :** एक युवक को फैसलk न करने पर दबंग अपहरण करके जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिसके चलते युवक और उसका परिवार दहशत में है। आरोप है कि पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़ित ने कई ckj आइजीआरएस पर शिकायत की लेकिन पुलिस ने झूठी रिपोर्ट लगा दी।

बिसौली क्षेत्र के गांव पैगा निवासी वीरेश कुमार पुत्र राजपाल सिंह ने बताया कि उसके चाचा वीरपाल का 25 साल से गांव के ही धनपाल व श्रीपाल और अजब सिंह पुत्र छन्नू सिंह से मुकदमा चल रहा है। जिसमें उसके पिता राजपाल सिंह गवाह हैं। चाचा से सुलह कराने के लिए आरोपी दबाव बना रहे हैं। मना करने पर गाली-गलौज कर मारपीट करने लगते हैं और अपहरण करके उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शिकायत पर पुलिस झूठी आख्या लगा देती है। बिसौली कोतवाल बृजेश सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी करके कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### युवक के बैग से पांच लाख रुपये चोरी

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटियाली सराय निवासी हिर्देश नारायन पुत्र रामाधार साहू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को जोगीपुरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक में खाते से पांच लाख रुपये निकाले थे। वह रुपये लेकर नगर पालिका परिषद कार्यालय के गेट से राजा मंडी आए। वहां से अपने मोहल्ले में पहुंचे। बैग चेक किया तो उसमें रखे पांच लाख रुपये गायब थे। रास्ते में किसी ने उनके बैग रुपये और दस्तावेज चोरी कर लिए। तहरीर प्राप्त होने के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। जिसमें हिर्देश नारायन की बाइक के पीछे बाइक सवार तीन युवक नजर आए।

### मोहन पट्टी में स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र शुरू

**बिल्सी,अमृत विचार :** स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक रिसौली निजामपुर कौशल किशोर ने फीता काट कर ग्राहक सेवा केंद्र का उदघाटन किया। उन्होंने सीएससी पर उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी दी। गंगा सिंह सिसोदिया, संजीव सिंह सिसोदिया, मोहर सिंह प्रजापति, भोलीराम शाक्य, जितेन्द्र शाक्य, अनिल सिंह, संजीव भारद्वाज डा. सुरेन्द्र सिंह, शिवओम सिंह, राहुल सिंह,मयंक तोमर आदि मौजूद रहे।

### 24 तक होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा ने बताया कि अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को जुलाई में खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। जिसका वितरण 24 जुलाई तक होगा। खाद्यान्न कार्डधारकों को यूनिटों के सापेक्ष अनुमन्य ई-पॉस मशीन के माध्यम से वितरण किया जायेगा।

### बॉब शाखा में लगा हेल्थ कैंप, परीक्षण कर दी दवाएं

**बिल्सी, अमृत विचार :** गांव वैन स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में बैंक का 117 वां स्थापना दिवस मनाया गया। बाबा मिशन हॉस्पिटल के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मेघा वार्ष्णेय ने मरीजों का परीक्षण कर दवा दी। डॉ निखिल सिंह, डॉ शहरिन अंसारी, समेत बैंक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# युवक के आत्महत्या मामले में आरोपियों की संपत्ति होगी कुर्क

- पिछले साल 14 नवंबर को युवक से मार पीटकर पिलाई थी पेशाब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** युवक को पेशाब पिलाकर उसके साथ मारपीट की गई थी। आत्मगिलानी में उसने फंदा लगाकर जान दे दी। एक महिला समेत चार आरोपी अभी तक फरार चल रहे हैं। शनिवार को पुलिस ने आरोपियों के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा किया।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ जुगेंद्र, उनकी पत्नी मिथलेश, बेटा आकाश, बेटी नीरज ने 14 नवंबर को मारपीट की थी। इसके बाद ग्रामीणों के सामने युवक को पेशाब पिलाई। युवक आत्मगिलानी से भर गया और उसने फंदा लगाकर जान दे दी। युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने जगह-जगह दबिश दी लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने संपत्ति कुर्की के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी। कुर्की से पहले आरोपियों के घर पर चेतावनी नोटिस चस्पा किया है। साथ ही राशन विक्रेता की दुकान पर भी एक सार्वजनिक नोटिस लगाया है। इसके अलावा थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव हरजतपुर निवासी फूल सिंह के खिलाफ जुलाई 2023 में भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। वह भी अभी तक फरार है। पुलिस ने उसके घर पर भी कुर्की की चेतावनी का नोटिस चस्पा किया है।

### दंपती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को भेजा जेल

बिल्सी। गांव नगला तरऊ में 15 जुलाई को मनोज कुमार और उसकी पत्नी रंजना के शव फंदे पर लटके मिले। मृतका के मायके वालों ने मृतक मनोज के भाई-भाभी पर हत्या आरोप लगाया। रंजना के पिता दिनेश पाल सिंह ने मनोज के बड़े भाई रुपेश, भाभी एकता और संकलदीप को नामजद करते हुए दो अज्ञात लोगों के खिलाफ इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। शनिवार को पुलिस ने रूपेश को गिरफ्तार करके जेल भेजा।

# गर्भस्थ शिशु की मौत, पोस्टमार्टम को लेकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आठ महीने की गर्भवती ने मृत शिशु को जन्म दिया। परिजन नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराने पर अड़ गए। पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर शांत करा दिया। परिजन काफी देर बाद शव लेकर चले गए।

कस्बा उसहैत के वार्ड आठ निवासी महावीर की पत्नी सुनीता आठ महीने की गर्भवती थी। सुनीता का 20 दिन पहले झगड़ा हो गया था। झगड़े में आरोपियों ने सुनीता के पेट पर लात मार दी जिससे गर्भस्थ शिशु को चोट पहुंची। डॉक्टरी परीक्षण में गर्भस्थ शिशु को चोट लगने का उल्लेख किया था। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

शनिवार को जिला महिला अस्पताल में सुनीता ने मृत शिशु को जन्म दिया। परिजनों ने कहा कि वह शिशु के शव का पोस्टमार्टम कराएंगे। अस्पताल स्टाफ ने शव ले जाने को कहा तो हंगामा करने लगे।

दरोगा ने हंगामा कर रहे परिजनों को समझाया कि शिशु का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सकता। शव ले जाएं। फिर भी परिजन शिशु के शव को ले जाने को तैयार नहीं हुए। महिला स्टाफ ने भी इस बीच हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत किया जिसके बाद परिजन शिशु के शव को लेकर चले गए।


जिला महिला अस्पताल में महिला के परिजन। ● अमृत विचार

> जिला महिला अस्पताल में महिला ने मृत शिशु को जन्म दिया। झगड़ा होने पर महिला के पेट में पल रहे शिशु को चोट लगी थी। शिशु का पोस्टमार्टम कराना पुलिस का काम है। इसमें अस्पताल कुछ नहीं कर सकता। वे लोग शिशु के शव को लेकर चले गए।
> -डा. इंदुकांत वर्मा, सीएमएस

### पति को बचाने आई पत्नी का पिटाई से गर्भपात

**विजय नगला, अमृत विचार :** गुलड़िया निवासी आकाश की चार साल की बेटी अंजलि हैंडपंप पर पानी भरने गई थी जहां कुत्ते बैठे थे। कुत्ते अंजलि पर दौड़े। वह चिल्लाई तो आकाश ने कुत्तों को भगाया। पहले से रंजिश मानने वाले पड़ोसी मनी और सुखपाल शोर सुनकर बाहर निकल आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। आकश घर चले गए तो आरोपियों ने घर में घुसकर पीटा। तीन महीने की गर्भवती पत्नी रूपा ने विरोध किया तो धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और मारपीट की। इससे रूपा का गर्भपात हो गया। आकाश पत्नी को लेकर थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने रूपा का मेडिकल परीक्षण कराया। रूपा का आरोप है कि एक सिपाही ने मुकदमा लिखने की बात कह पति-पत्नी से सादा कागज पर अंगूठा लगवा लिया। इसके बाद फैसला लिखवा दिया जिसके चलते रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। महिला ने शनिवार को एसपी देहात राम मोहन सिंह से शिकायत की। एसपी देहात ने कार्रवाई का निर्देश दिया।

# सांड़ के हमले में पशु चरा रहे किसान की मौत

- 10 महीने में पशुओं के हमले में 15वें व्यक्ति की मौत हुई है

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** खेत पर पशु चराने के दौरान सांड़ ने किसान पर हमला करके पेट फाड़ दिया। सींग पर टांगकर कई बार जमीन पर पटका। पिछले 10 महीने में सांड़ के हमले में 15वें व्यक्ति की मौत हुई।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव नवादा सुलहरा निवासी अजय पाल साहू (70) शुक्रवार को अपने पशु चराने के लिए गांव गुलड़िया और बारी खेड़ा सिताबनगर के जंगल में गए थे। पशु चर रहे थे और वह एक पेड़ के नीचे खड़े थे। इसी दौरान एक सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। सांड़ का सींग किसान के पेट में फंस गया। सांड़ ने उन्हें कई बार पटका। इससे अजय पाल का पेट फट गया। शोर सुनकर आसपास मौजूद किसान लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और सांड़ को भगाया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर गए लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। क्राइम इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि सांड के हमले में किसान की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

> गांवों में घूम रहे छुट्टा गोवंश को पकड़ा जा रहा है। बाकी के गोवंश भी जल्द पकड़कर गोशालाओं में भिजवाए जाएंगे। - डॉ. बृजेश कुमार, पशु चिकित्सक, ब्लॉक जगत

# किशोरी के फोटो किए वायरल, शिकायत पर भाई से मारपीट

**विजय नगला, अमृत विचार :** युवक ने इंस्टाग्राम पर एक किशोरी के फोटो अपलोड कर दिए। किशोरी के भाई के साथ मारपीट की। पिता ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव के युवक ने किशोरी के फोटो चुपके से खींच लिए। पिछले चार साल से धमकाकर किशोरी को ब्लैकमेल कर रहा है। युवक से तंग आकर किशोरी ने अपने पिता को बताया। किशोरी के पिता व भाई आरोपियों के पास गए और शिकायत की। आरोप है कि युवक और उसके साथियों ने भाई के साथ मारपीट की। किशोरी के पिता ने तहरीर दी। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। तहरीर मिली है।

# राजकीय मेडिकल कालेज का मनाया गया प्रथम कालेज दिवस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज में प्रथम कालेज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमजेपीआरयू के कुलपति प्रोफेसर डा. केपी सिंह , विशेष अतिथिरजिस्ट्रार एवं परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार रहे।

कार्यक्रम में राजकीय मेडिकल कालेज की की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों पर डॉक्यूमेंट्री एवं कालेज की रिपोर्ट प्राचार्य डा. एनसी प्रजापति द्वारा प्रस्तुत की गयी। मेधावी छात्रों को कुल 14 सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर एवं 29 सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट तथा गोल्ड मेडल दिए गए। एमबीबीएस में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली 2019 बैच की छात्रा कु. अंजलि मिश्रा को एनसी प्रजापति गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। कोआर्डिनेशन डा. सुचेता यादव ने किया। संचालन डा. विमलेश कुमार एवं डा. निकिता द्वारा किया गया।

प्रो. डा. अर्शिया मसूद सिद्दीकी, डा. नेहा सिंह डा. मुक्त्याज हुसैन, डा. अभिलाष यादव, डा. सुचेता यादव,डा. वेंकटनारायण, डा. विपिन कुमार, डा. पूजा नागाइच, डा. प्रशांत सिंह, डा. मनीष कुमार सिंह, डा. वशिष्ठ मिश्रा, डा. सरन, डा. कमल लोहचब, डा. अभिषेक शर्मा, डा. शलभ वैश्य, डा. रशिम सिंह, डा. अमृता वाजपेयी, डा. श्रवण भार्गव, डा. लालेन्द्र यादव, डा. शिवम कामठान, डा. अमित कुमार, डा.पुनीत, डा. आकांक्षा, डा. अजीत गंगवार, डा. टिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।


मेधावी छात्रा को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते कुलपति प्रोफेसर डा. केपी सिंह।

- 29 छात्रों को दिए गए सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट और मेडल

# बिजली संकट को लेकर धरना आज से

**उघैती, अमृत विचार :** अघोषित कटौतीससे किसान परेशान हैं। फसलों में पानी नहीं लग पा रहा है। धान की रोपाई की जा रही है लेकिन बिजली नही आने से काम नही हो पा रहा है। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के अफसरों से बात की थी जिसके बाद जल्द सप्लाई दुरुस्त होने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी बिजली संकट जस का तस है। भाकियू मंडल उपाध्यक्ष ने शनिवार को अधिशासी अभियंता विद्युत व एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि 21 जुलाई से उघैती बिजली घर पर धरना दिया जाएगा। 24 घंटे बिजली सप्लाई शुरू नही हो जाती धरना चलता रहेगा। मंडल उपाध्यक्ष सौदान सिंह, जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंखधार, सुरेंद्र सिंह जिला सचिव झाझन सिंह, दीपचंद यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वास्थ्य की चिंता

## सिर्फ काला पानी और पके मोतियाबिंद के मरीज ही ऑपरेशन करा रहे हैं

# गर्मी के चलते नेत्र रोगी नहीं करा रहे ऑपरेशन

- अन्य मरीज जाड़े आने का कर रहे इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आंखों में धूप से जलन और खुजली ने परेशान कर दिया है जिससे नेत्र विभाग में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। धूप और गर्मी के कारण ही इस समय मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन नहीं करा रहे हैं। केवल काला पानी और पके मोतियाबिंद के मरीज ही ऑपरेशन करा रहे हैं।

बारिश के बाद तेज धूप और उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। गर्मी में बुखार,दस्त और डायरिया फैल रहा है वहीं तेज धूप से आंखों में जलन और खुजली की समस्या बढ़ गयी है। उमस के चलते पसीना आंखों तक पहुंच रहा है जिससे जलन और खुजली बन रही है। तेज गर्मी से आंखें फूल रही हैं। आंखों के साथ ही पलक पर खुजली होने से आंख दर्द करने लगी है। खुजली दर्द से आंख लाल हो रही हैं। आंखों में जलन के चलते हर दिन सैकड़ों मरीज अस्पताल आ रहे हैं। दूसरी ओर तेज गर्मी के चलते मोतियाबिंद के मरीज ऑपरेशन नहीं करा रहे हैं। इन मरीजों का कहना है कि गर्मी में ऑपरेशन कराने से परेशानी अधिक होती है। आंख देर में ठीक होती है।

गर्मी में पसीना के चलते आंख में खुजली होती है इसलिए इस समय ऑपरेशन कराना ठीक नही है। इस समय केवल उन्हीं मरीजों के ऑपरेशन किए जा रहे हैं जिनकी आंख में काला पानी है या फिर मोतियाबिंद पक गया है जिससे आंख की रोशनी जाने का खतरा बना हुआ है। बताया कि महीने में करीब एक दर्जन मरीजों के ऑपरेशन हो रहे हैं। मोतियाबिंद के मरीज मौसम बदलने का इंतजार कर रहे हैं।


मरीज की आंखों की जांच करते चिकित्सक डा. पीयूष मोहन अग्रवाल। ● अमृत विचार

> मरीजों का ऐसा भ्रम बना हुआ है कि गर्मी में परेशानी होती है। ऑपरेशन करने के बाद केवल चश्मा लगाना होता है। अब पट्टी दो दिन तक ही रहती है उसके बाद चश्मा लगा दिया जाता है लेकिन मरीज गर्मी में ऑपरेशन कराने से डरते हैं।
> -डा. पीयूष मोहन अग्रवाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ

# नीलकंठ महादेव मंदिर-जामा मस्जिद मामले में सुनवाई 31 को

**बदायूं,अमृत विचार :** नीलकंठ महादेव-जामा मस्जिद मामले में अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। शनिवार को मस्जिद पक्ष की ओर से इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता अनवर आलम ने बहस की जो आगे भी जारी रहेगी।

अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल की ओर से सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसमें जामा मस्जिद शम्सी की जगह नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया है। सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी न्यायालय के न्यायाधीश मनीष कुमार की अदालत में केस चल रहा है। अधिवक्ता संजीव वैश्य ने बहस पूरी कर दी थी। शनिवार को मस्जिद पक्ष ने बहस की। पिछली तिथि पर न्यायालय ने मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता का स्थगन प्रार्थना पत्र खारिज करते हुए कहा कि अगली तिथि में भी बहस नहीं करते हैं तो बार-बार अवसर नहीं मिलेगा। मस्जिद पक्ष की बहस के बाद वादी पक्ष फिर बहस करेगा। अब इस बात पर सुनवाई होनी है कि वाद चले या नहीं।

### जिले में धारा 144 लागू, 31 अगस्त तक रहेगी प्रभावी

**बदायूं, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा, श्रावण मास में कांवड़ यात्रा तथा अन्य पर्वों को देखते हुए एडीएम प्रशासन रेनू सिंह ने धारा 144 लागू कर दी है। जो कि 31 अगस्त तक प्रभावी रहेगी। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि धार्मिक पर्वों के दौरान वह जनपद में शांति व सुरक्षा बनाए रहें। असामाजिक तत्वों पर नजर रखते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कहीं पर भी पांच से अधिक लोग एकत्रित न होने पाए।



## एक नजर

### फर्जी मालिक बन कराए बैनामे, रिपोर्ट के आदेश

**बदायूं।** सीजेएम तौसीफ रजा ने सदर कोतवाली पुलिस को जमीन का फर्जी मालिक बनकर बैनामे करने के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी दिनेश ने सीजेएम न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी सास किरण रस्तोगी पत्नी अशोक कुमार रस्तोगी ने उनके नाम पर जमीन की देखरेख के लिए मुख्तारनामा कराया था। खसरा नंबर 119 उनके ददिया ससुर की संपत्ति थी जिसकी रजिस्टर्ड वसीयत 22 अक्टूबर 1993 को सास के नाम की गई। वसीयतनामा किसी ने भी न्यायालय में चैलेंज नहीं किया और न ही निरस्त किया गया। आरोपी विमल रस्तोगी ने गाटा संख्या 119 के 73.37 वर्ग मीटर का मालिक बनकर राम कुमार गुप्ता व प्रदीप गुप्ता और 172.65 वर्ग मीटर का भूखंड मीना गुप्ता, ललिता गुप्ता को 18 अप्रैल 2022 को बैनामा कर दिया। जिसमें आकाश दीप और राहुल को गवाह बनाया है। इस जमीन की मालिक किरण रस्तोगी हैं। न्यायालय ने प्रभारी निरीक्षक को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है।

### फंदा लगने से किशोरी की हालत बिगड़ी

**एटा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम वाया निवासी मंजू (15) पुत्री भूमिराज सिंह मानसिक रूप से परेशान रहती है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात आठ बजे वह घर की छत पर गई और वहां से नीचे गिर गई। तभी कपड़े सुखाने के लिए बांधे गए तार में उसकी गर्दन फंस गई। गले में फांसी लगने से किशोरी की हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डाक्टर हालत नाजुक देखते हुए किशोरी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### पुलिस की मौजूदगी में डेंटल क्लीनिक किया सील

**एटा।** शनिवार को डीएम प्रेमरंजन सिंह व सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम मोहन तिवारी व डिप्टी सीएमओ डॉ. सर्वेश कुमार सिंघम की टीम ने कस्बा मारहरा के पिदौरा अड्डे पर कुलदीप नामक युवक द्वारा संचालित अपंजीकृत डेंटल क्लीनिक को सील किया। डेंटल क्लीनिक संचालक पर कार्रवाई के दौरान बाधा उत्पन्न करने और बिना पंजीकरण के क्लीनिक चलाने की कार्रवाई की जा रही है।


### भाकियू ने किया प्रदर्शन

**एटा।** शनिवार को कस्बा मारहरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील किए गए अंपजीकृत डेन्टल क्लीनिक के विरोध में किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सीएमओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन आरंभ कर दिया है।

# सड़क हादसों में डॉक्टर समेत चार लोगों की जान गई

## तेज रफ्तार और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी बनी दुर्घटनाओं की वजह

संवाददाता, एटा


मृतक डॉ. ओमकार

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। पिछले चौबीस घंटों में जिले में हुए सड़क हादसों में एक डॉक्टर समेत चार लोगों की मौत हो गई। इसका पता लगने पर चारों के परिवारों में कोहराम मच गया।

शनिवार सुबह 8:30 बजे राहुल उर्फ छोटू (30) पुत्र भूरेलाल निवासी चांदपुर जिंदाहार को गांव के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पता लगने पर पहुंचे परिजन उन्हें फौरन अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार दोपहर करीब एक बजे कोतवाली देहात क्षेत्र में ओवरब्रिज के नीचे ईको कार ने एक ऑटो में टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से ऑटो पलट गया। इसमें जनपद फिरोजाबाद के एका थाना क्षेत्र के रुहासी पट्टी निवासी वासुदेव सिंह (70) की मौत हो गई, जबकि उनकी भाभी नौजरदेवी घायल हो गईं। उनका उपचार चल रहा है। इसके अलावा शुक्रवार देर रात अलीगंज क्षेत्र के अलीगंज कंपिल रोड पर बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। इसमें गंभीर चोटें आने से बाइक पर सवार ईश्वरी देवी (55) पत्नी मनोज कुमार निवासी रामनगर थाना बिछवा मैनपुरी की मौत हो गई, जबकि उनका भाई घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शुक्रवार देर शाम कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला हाजीपुर निवासी डॉ. ओमकार सिंह उर्फ अंशुल बाइक पर अपनी ससुराल जा रहे थे। तभी रास्ते में कोतवाली देहात के कुठिला और रामनगर गांव के बीच उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें उठाकर मेडिकल कॉलेज ले गई। मगर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना का पता लगने पर उनके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक ओमकार आंखों का इलाज करता था। वह शादी की सालगिरह के अवसर पर ससुराल जा रहा था।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**मिरहची:** मिरहची थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर के पास 11 जुलाई को सड़क पर मृत पड़े गोवंश से दो बाइकें टकरा गई थीं। इस दुर्घटना में कोतवाली देहात के गांव श्रीकरा निवासी हिमांशू (18) पुत्र महाराज सिंह, मलावन के गांव हिम्मतनगर बझेरा निवासी मनीश पुत्र वीरेन्द्र सिंह, रूपेश कुमार पुत्र हीरालाल कल्याणपुर कोतवाली देहात, अंकित पुत्र लोक सिंह, हेमंत पुत्र चोखेलाल निवासी श्रीकरा और चमन निवासी जिरसिमी घायल हो गए थे। हिमांशू को हायर सेंटर रेफर किया गया था। शनिवार को उपचार के दौरान हिमांशू की मौत हो गई।

### ननिहाल में छत से गिरे किशोर की मौत

**जैथरा।** जैथरा के गांव भलौल निवासी विनीत कुमार पुत्र विजय सिंह ने बताया कि उनका भांजा आयुष्मान उर्फ अन्नू निवासी सलेमपुर थाना जसराना जिला फिरोजाबाद उनके पास रहकर पढ़ाई कर रहा है। शुक्रवार देर रात वह छत पर किसी कार्य से गया था। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया, जिससे छत से नीचे जा गिरा। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### आरएसएस का गुरुदक्षिणा कार्यक्रम आयोजित

**अवागढ़, अमृत विचार:** प्रखण्ड की ग्राम पंचायत मुड़समां में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का गुरुदक्षिणा कार्यक्रम शनिवार को आयोजित हुआ। खण्ड शारीरिक प्रमुख पंकज कुमार व खण्ड कार्यवाह अवधेश कुमार ने स्वयं सेवकों के साथ मिलकर कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण किया। गुरुदक्षिणा कार्यक्रम के दौरान खण्ड शारीरिक प्रमुख पंकज कुमार ने दैनिक दिनचर्या में शारीरिक योगाभ्यास से अपने शरीर को स्वस्थ रखने के बारे में बताया। गुरुमंत्र के साथ गुरु की महिमा का बखान करते हुए विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के भगवा ध्वज के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई। सभी स्वयं सेवकों ने प्रार्थना के बाद भगवा ध्वज पर पुष्प अर्पित करते हुए ध्वज प्रणाम किया। कार्यक्रम में विजय प्रताप सिंह, मनोज कुमार सिंह, बंटू जैन, काका ठाकुर, राधा किशन बघेल, लाखन सिंह राजपूत सहित दर्जनों स्वयं सेवक मौजूद रहे।

### करंट लगने से महिला समेत दो लोगों की मौत

**अलीगंज।** विद्युत करंट की चपेट में आने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। इनमें एक घटना अलीगंज के गांव गेसिंगपुर और दूसरी शहर के मोहल्ला आर्य नगर में घटित हुई। कोतवाली अलीगंज क्षेत्र के ग्राम गेसिंगपुर निवासी बबलू को शनिवार सुबह कूलर से अचानक करंट लग गया, जिससे उसकी चीख निकल गई। बबलू को बचाने के लिए उसकी मां फूला मौके पर जा पहुंची। बेटे को बचाने की कोशिश में फूला भी करंट की चपेट में आ गई। उसने किसी तरह खुद को बचाया। मगर तब तक बबलू बेसुध हो गए। अस्पताल ले जाने पर उपचार के दौरान बबलू ने दम तोड़ दिया।

# मानव जीवन के लिए पेड़-पौधे जरूरी

संवाददाता, एटा


पौधरोपण करते शिक्षामंत्री संदीप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार


स्कूली बच्चों को फल बांटती मंडलायुक्त चैत्रा वी. व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शनिवार को एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण अभियान चलाया गया। ब्लॉक सकीट के ग्राम नगला इंदी में डीएवी इंटर कॉलेज की 01.70 हेक्टेयर भूमि पर 1000 पौधे रोपित किए गये। मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, मंडलायुक्त चैत्रा वी., विधायक मारहरा वीरेन्द्र सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष संदीप जैन ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ व पौधा देकर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने बच्चों को पौधे वितरित कर घर में फलदार पौधे लगाने को कहा। पौधरोपण कार्यक्रम में नोडल अधिकारी आयुक्त चैत्रा वी. के निर्देशन में शासन से आवंटित लक्ष्य 3013237 को जनसहभागिता, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, योजनाओं के लाभार्थियों आदि की मदद से पौधरोपण कर पूर्ण किया गया।

मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि वृक्षों का मानव जीवन में अत्यधिक महत्व है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिए। आयुक्त चैत्रा वी. ने कहा कि पौधरोपण अभियान को हर हाल में सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पेड़ लगाने से काम नहीं चलेगा, प्रत्येक दशा में इन पौधों की अपने बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए। पेड़ पौधे हमें जीवन देने का काम करते हैं। यदि हमें पेड़ पौधों की संतान कहा जाए तो इसमें कुछ गलत नहीं हैं।

- शिक्षा मंत्री, मंडलायुक्त, डीएम ने किया पौधरोपण, डीएवी कॉलेज परिसर में हुआ आयोजन

डीएम प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि वृक्षों का पर्यावरण संतुलित बनाने में अत्यधिक महत्व है। इस अभियान में हम सभी आगे आएं। एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं। शासन द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को पौधे देते हुए उन्हें भी इस अभियान में शामिल कराएं। किसी भी प्रकार की समस्या से अवगत कराने हेतु डीएफओ कार्यालय में कन्ट्रोल रूम नम्बर 8923013045 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। इसदौरान विधायक संजीव कुमार दिवाकर, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, डीएफओ सुन्दरेशा, सीडीओ डॉ. एके बाजपेयी, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चैधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम सदर भावना विमल, सीओ विक्रांत द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारी सकीट फैसल आलम, डीआईओएस इन्द्रजीत प्रजापति, बीएसए दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### नशामुक्ति अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**एटा, अमृत विचार:** जिला मद्य निषेध अधिकारी भूपेश कुमार ने बताया है कि शनिवार को श्याम बिहारी सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र व छात्राओं व शिक्षक शामिल रहे। जिला मद्य निषेध अधिकारी एटा भूपेश कुमार ने बताया कि नक्शा एक सामाजिक अभिशाप की तरह समाज में व्याप्त हो गया है, जिसे उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के बीच-बीच में विभागीय साहित्य का भी वितरण किया गया एवं समस्त व्यक्तियों को नशा मुक्ति से शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम मुख्य रूप से प्रधानाचार्य विजयवीर सिंह, सहायक अध्यापक अमर यादव, संजय यादव, चन्द्रेश सिंह, अमर कुलश्रेष्ठ एवं नीलू यादव उपस्थित रहे। संगोष्ठी में चन्द्रेश सिंह ने बताया कि नशे से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।इससे मनुष्य एक दिन मृत्यु के कगार पर खड़ा हो जाता है।

### पेट में गोली लगने से युवक की मौत

**एटा, अमृत विचार:** पिलुआ थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक युवक की पेट में गोली लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार रात आठ बजे पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव नगला गूलर निवासी रनपाल सिंह उर्फ पोदी (28) पुत्र राजपाल सिंह के पेट में अचानक गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। फायर की आवाज सुनकर भाई राजमोहन दौड़कर मौके पर पहुंचा। फौरन घायल को मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती करा दिया। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार देर रात युवक की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रनपाल ने गोली मारकर आत्महत्या की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों ने आर्टिफिशियल स्विमिंग पूल में की मस्ती

संवाददाता, सोरों जी


आर्टिफिशियल स्विमिंग पूल में स्नान करते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कस्बे के प्रहलादपुर स्थित एनआर पब्लिक स्कूल में शनिवार को रेन डांस पार्टी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप से कक्षा पांच तक बच्चों ने सहभागिता की। बच्चों ने नृत्य और स्वीमिंग पूल में नहाकर खूब मौज मस्ती की।

कार्यक्रम के अनुसार एक्टिविटी के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल शानदार नृत्य प्रस्तुत किए अपितु आर्टिफिशियल स्विमिग पूल में नहाकर विद्यार्थियों खूब मौज मस्ती की।गर्मी से राहत महसूस की। इस मौके पर कक्षा प्ले ग्रुप से पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किये गए। अभिभावक-शिक्षक ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक विचार विमर्श प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ विवेक कुमार राजपूत ने बताया कि यह केवल नृत्य या मनोरंजन ही नहीं है अपितु हमारी संस्कृति को जीवंतता प्रदान करने का और सभ्यताओं को धरोहर स्वरूप रखने का एक निमित्त है। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक कुलदीप शर्मा ने बताया कि हमें बच्चों का सर्वांगीण विकास करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ इस तरह की सांस्कृतिक और मनोरंजन की गतिविधियों की भी आवश्यकता पड़ती है।

- स्कूल में रेन डांस पार्टी का आयोजन, प्ले ग्रुप से कक्षा पांच तक के बच्चों ने लिया भाग

### डीएसओ ने लगाया पौधा



**एटा।** डीएसओ कमलेश कुमार गुप्ता ने शनिवार को पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोग बीमारियों से ज्यादा ग्रसित हैं। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। जिस तरह अंधाधुंध प्रकृति का दोहन किया जा रहा है, वह अभिशाप बन कर हमें तवाह कर देगा। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने होंगे, तभी हम मानव जीवन को सुरक्षित रख पाएंगे। हम लोगों को अपने लिए नहीं आने वाली युवा पीढ़ियों के लिए सोचने की जरूरत है। समय रहते हम प्रकृति का दोहन करना नहीं छोड़ते है। तो वह दिन दूर नहीं है, मानव समय से पहले काल के गाल में चला जाएगा। इस दौरान कमलेश कुमार गुप्ता, अभय बाबू, सैफ अली, संजीव कुमार, सुहेल समेत आदि अनेक लोग मौजू रहे।

### प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का किया उत्साहवर्धन

**एटा, अमृत विचार:** मंडलायुक्त चैत्रा वी. ने प्राथमिक विद्यालय हीरापुर पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं, जिससे श्वास लेने में कोई समस्या नहीं होती है। सभी बच्चे अपने-अपने घर जाकर एक-एक पौधा अवश्य लगाएं। पेड़ों की हमें रक्षा भी करनी चाहिए। मंडलायुक्त ने इस संवाद के उपरान्त चैकलेट वितरित की। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। मण्डलायुक्त ने इस दौरान विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण भी किया। इस दौरान डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह, सीडीओ डा. एके बाजपेयी, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम सदर सुश्री भावना विमल, क्षेत्राधिकारी विक्रांत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# वृहद पौधरोपण अभियान: जिले में 24 लाख 54 हजार पौधे रोपे गए

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


पौधरोपण करतीं जिले की नोडल अधिकारी के. धनलक्ष्मी व डीएम मेधा रूपम।

**अमृत विचार:** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को बृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जिले में 24 लाख 54 हजार पौधे विभिन्न विभागों द्वारा रोपित किए गए। सोरों स्थित राजकीय पॉलीटैक्निक परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधे रोपित किए। शिक्षा मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम थीम के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सराहना की।

- राजकीय पॉलीटैक्निक कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री ने किया प्रतिभाग

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश में 36 करोड़ 50 लाख पौधरोपण के सापेक्ष कासगंज में 24 लाख 54 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। पौधे लगाने के साथ उनको बचाने पर भी पूरा ध्यान दिया जाए। कासगंज में जिला स्तर के साथ सभी तहसील व विकास खंड क्षेत्रों, ग्राम पंचायतों, स्कूल-कॉलेज और शिक्षण संस्थानों में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम प्रधानों तथा ग्रामवासियों ने पौधे लगाए। बृहद पौधारोपण अभियान के तहत जनपद की प्रत्येक न्याय पंचायत में ग्राम तथा नगर पालिका क्षेत्र में भी पौधरोपण किया जा रहा है।

शासन ने नामित नोडिल अधिकारी एवं सचिव मानवाधिकार आयोग के धनलक्ष्मी, डीएम मेधा रूपम ने लोगों से पौध लगाने के लिए अपील की। कार्यक्रम को एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रतनेश कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी ने भी संबोधित किया। डीएम ने कहा कि सभी विभाग अपने लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण कराकर लगाए गए सभी पौधों का संरक्षण कराना सुनिश्चित करें। सीडीओ सचिन, एडीएम राकेश कुमार पटेल, डीएफओ सुंदरेशा, डीपीआरओ देवेंद्र सिंह, बीएसए सूर्यप्रताप आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**एडी बेसिक ने पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का लिया संदेश:** अलीगढ़ मंडल के एडी बेसिक कृपाशंकर शर्मा ने थाना ढोलना के गांव सिरौली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर पौध रोपण किया। उन्होंने शिक्षकों से स्वयं पौधे लगाने तथा और लोगों को भी पौधे का महत्व बताते हुए पौधा रोपण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। एडी बेसिक ने कहा कि मानव ही नहीं बल्कि जीवधारी के लिए पौधे महत्व रखते है। उन्होंने पेड़ों को दैवीय आपदाओं से बचाने में भी सहायक बताया। शिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए। उनके पोषण का संकल्प लिया गया।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

वृहद पौधरोपण अभियान के तहत राजकीय पॉलीटैक्निक कॉलेज में हुए पौधा रोपण कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर अनुपम छटा बिखेरी। छात्राओं द्वारा स्वागत गान किया गया। मां सरस्वती की वंदना की गई। बच्चों ने गीतों के माध्यम से पौधों के महत्व को बताते हुए पर्यावरण नियंत्रण के लिए पौधा रोपण का संदेश दिया। अतिथियों द्वारा बच्चों की प्रतिभाओं को सराहा गया। प्रभारी मंत्री एवं शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने विद्यार्थियों को पौधों भेंट किए।


पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं बालिकाएं।

### दरियावगंज झील में किया गया पौधरोपण



पटियाली की दरियावगंज झील में वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। वन विभाग विभिन्न व्यक्तियों को बुलाकर पौधारोपण कर रहा है।दरियावगंज झील में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी, कासगंज अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष असहाब हुसैन, भारतीय किसान यूनियन के महासचिव शादाब शेख, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव हसन अख्तर ने पौधरोपण किया। इस दौरान रेंजर यतिन सिंह और पंकज यादव आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने पुलिस लाइन में लगाए पौधे



एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने पौधारोपण कर महाअभियान आरंभ किया। एसपी ने अभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक पेड लगाने तथा उनकी सही से देखभाल करने का आह्वान किया गया। एसपी द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक होने और वृहद स्तर पर पेड-पौधे लगाने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि प्रकृति में संतुलन तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड-पौधे लगाना बहुत जरुरी है। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण सरंक्षण और हरित वातावरण को बढावा देना है।

### पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ अभियान के तहत छात्राओं ने रोपे पौधे



शहर के सोरों रोड स्थित वीके जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पौध रोपण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि प्रबंधक विनय कुमार जैन एवं उप सचिव यश जैन ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर पीपल, नीम, बरगद पौधों को लगाया। मुख्य अतिथि विनय कुमार जैन ने कहा आज ग्लोबल वार्मिंग के कारण संतुलन बिगड़ रहा है तथा भारी संख्याओं में पेड़ काटे जा रहे हैं। तथा पेड़-पौधे कम मात्रा में लगाए जाते हैं। तथा उनकी उचित देखभाल न होने से पौधे बढ़ नहीं पाते। राजेंद्र मिश्रा, डा. संजय सिन्हा, तारा चंद्र, गौरव माहेश्वरी सौरभ साहू, कोमल सिंह, अंजली शर्मा, अरुणा जौहरी, संतोष कुमार, अदिति गुप्ता, निहारिका, संजना, गार्गी सिंह, प्रिया, वंदना, अजय, मनोज कुमार, शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### चिकित्सकों ने जिला अस्पताल में लगाए पौधे

पौध रोपण अभियान के तहत जिला चिकित्सालय में सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल मुख्यअथित्य में पौधा रोपण कार्यक्रम हुआ। सीएमएस डा. संजीव सक्सेना सहित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने फल, फूल आषैधि के पौधे रोपित किए। सीएमओ ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को लगाए गए पौधों के पोषण का संकल्प दिलाया। सीएमएस ने पेड़ों की महत्वता पर प्रकाश डाला। उन्होंने पौधों को जीवनदायनी बताया। इसके अलावा सीएमओ और सीएमएस ने गोरहा स्थित कलावती नर्सिंग कॉलेज में भी पौधा रोपण किया। शिवानी यादव, अंजली यादव, स्वेता, राखी, अदीवा सैफी, अंजली, लवली, गौरी आदि मौजूद रहे।


पौधरोपण करते सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल।


जीटीआई में पौधा लगाते प्रभारी मंत्री संदीप सिंह, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी। ● अमृत विचार

### सांसद व विधायकों ने महाविद्यालय में किया पोधरोपण

**जलेसर।** तहसील क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल अहाते में वृक्षारोपण किया वहीं विधायक संजीव दिवाकर ने ग्राम सिमराऊ में वृक्षारोपण किया वहीं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आरके गोस्वामी मां गायत्री आर्य कन्या महाविद्यालय में प्रबंधक कृष्ण गोपाल गुप्ता एवं प्राचार्य सचिन वर्मा ने सैकड़ो वृक्षों का वृक्षारोपण कराया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि मौजूदा समय में पीपल पाकर एवं नीम के वृक्षों को रोपित करने पर जोर दिया। इस दौरान भाजपा नेताओं के साथ-साथ महाविद्यालय में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### स्वास्थ्य विभाग ने 20074 फलदार व छायादार पौधे लगाए

**एटा, अमृत विचार:** शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में समस्त सीएचसी-पीएचसी के अधीक्षकों व प्रभारियों ने अपने क्षेत्रों में फलदार तथा छायादार पौध लगाए। आज इस क्रम के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी व एसीएमओ डा. राममोहन तिवारी व डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार तथा जिला मलेरिया अधिकारी लोकमन सिहं तथा अपर शोध अधिकारी ग्याप्रसाद एवं डीएमसी यूनिसेफ आलोक वर्मा सहित कई दर्जनों विभागीय कर्मचारियों ने सीएमओ आवास परिसर में फलदार व छायादार पौधे लगाए। अलीगंज सीएचसी पर अधीक्षक डा.सर्वेश कुमार के नेत्रत्व में 2522 तथा जैथरा सीएचसी के अधीक्षक डा. राहुल चतुर्वेदी के नेतृत्व में 2512 व ब्लॉक शीतलपुर की प्रभारी डा. नीतू पचौरी के नेत्रत्व में 2796, सीएचसी सकीट के प्रभारी डा. रवि कुमार के नेतृत्व में 2518, सीएचसी निधौलीकलां के अधीक्षक डा. अनुज के नेत्रत्व में 2470, सीएचसी मारहरा के अधीक्षक डा. राहुल यादव के नेत्रत्व में 2246, सीएचसी जलेसर के अधीक्षक डा पवन शर्मा के नेतृत्व में 1892, पीएचसी अवागढ के प्रभारी डा. ब्रजेश कुमार के नेत्रत्व में 2118, मेडिकल कॉलेज के नेतृत्व में 1000 पौधे लगाए गए।

### कांवडयात्रा मार्ग पर चलेंगी पांच औषिध बैन और 12 बाइकें

**बदायूं।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा ड्रग एसोसिएशन पदाधिकारियों की बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान लगने वाले कैंपों और भंडारों पर नजर रखने को लेकर चर्चा की गई। सहायक आयुक्त (खाद्य)द्वितीय सीएल यादव एवं औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने बताया कि विभाग द्वारा पांच औषधि वैन एवं 12 मोटर साइकिलों का संचालन किया जायेगा। एक कन्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। मोबाइल वैन एवं दो पहिया वाहन स्नान घाट भागीरथ (कछला) से उझानी कल्यान सिंह चौक तक, कल्यान सिंह चौक से बदायूं खेड़ा नवादा तक, खेड़ा नवादा से विजय नगला तक, लालपुल से उसावां तक, स्नान भागीरथ से बिल्सी तक बांया बितरोईं पर संचालित होंगे। इसके अलावा बिरूड़ाबाड़ी मंदिर पथिक चौक नौशेरा, बिल्सी, इस्लामनगर, दातागंज, उझानी, अलापुर, म्यॉऊ, उसाँवा, बिनावर, कछला, उसहैत, कुँवरगांव, बिसौली एवं कादरचौक में कैम्प आयोजित किए जाएंगे। औषधि विक्रेता अखिल रस्तोगी, शिव स्वरूप गुप्ता, अशोक नारंग, राजेश रस्तोगी, सरदार रणजीत सिंह, हेमंत सारस्वत आदि मौजूद रहे।

### चूहा मार दवा खाकर खुदकुशी की कोशिश

**एटा, अमृत विचार:** कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम चिलासनी निवासी प्रदीप कुमार (35) पुत्र अमर सिंह ने गृह क्लेश के चलते घर में चूहामार दवा खा ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। भतीजे प्रशांत ने प्रदीप को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। डाक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### चौथे शनिवार को शनिजात में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जलेसर, अमृत विचार:** आषाढ़ मास के चौथे शनिवार को शनिजात और बड़े मियां व छोटे मियां की दरगाह पर जबरदस्त भीड़ उमड़ी। हालांकि पुलिस एवं प्रशासन की सतर्कता के चलते जाम नहीं लगा। छुटपुट घटनाओं को छोड़ शनिजात शांति पूर्ण संपन्न हो गई। शनिजात के चौथे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं का रेला उमड़ने पर नगर क्षेत्र जाम हो जाता था। नगर से निकलने वाले समस्त मार्गों पर दोपहर तक जाम की स्थिति बनी रहती थी। मगर पुलिस एवं प्रशासन की सजगता के चलते चौथे शनिवार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में जात संपन्न हुई।

